अमर उजाला 13/02/2023

# खुड्डाकलां को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया




सात दिवसय शिविर एनसएस **शिविर में भाग लेते जीएमएन कालेज के स्वयंसेवक।** संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज एनएसएस यूनिट की ओर से खुड्डा कलां में चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन की शुरुआत विभिन्न प्रकार के योग से हुई। डॉ. धर्मवीर सैनी ने स्वयंसेवकों को स्वामी दयानंद सरस्वती की दृष्टि और मान्यताओं से परिचित कराया। स्वयंसेवकों ने गांव में नशा मुक्ति अभियान चलाया। उन्होंने गांव के लोगों को नशे से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में बताया।

डॉ. सरोज ने बताया कि स्वयंसेवकों ने गांव के लोगों को शपथ दिलाई कि वह नशा मुक्त गांव बनाएंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए कई उदाहरण, एक स्थायी उदाहरण बनेंगे।